आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 गुरूवार दिनांक 05.12.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **बीजापुर जिले में माओवादियों ने दो पूर्व सरपंचों की हत्या की–नारायणपुर जिले में हुई मुठभेड़ में डीआरजी के प्रधान आरक्षक की मौत पर मुख्यमंत्री ने जताया दुख।**
- **छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया पर लगी रोक हटाई।**
- **राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने राज्य में आरक्षण की कार्यवाही समय–सीमा में सुनिश्चित करने के दिए निर्देश।**
- **मौसम विभाग ने आठ और नौ दिसंबर को प्रदेश के कुछ जिलों में वर्षा होने की संभावना जताई।**

**पूर्व सरपंच हत्या–माओवादी मुठभेड़**

बीजापुर जिले में माओवादियों ने आज दो पूर्व सरपंचों की हत्या कर दी है। माओवादियों ने बीते दो नवंबर को भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के पूर्व सरंपच सुकलु फरसा और नैमेड़ थाना क्षेत्र स्थित कडेर के पूर्व सरपंच सुखराम अवलम का अलग–अलग स्थानों से अपहरण किया था। इससे पहले, नारायणपुर जिले में कल सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी के प्रधान आरक्षक बिरेंद्र कुमार सोरी की मौत हो गई। उनके पार्थिव शरीर को आज नारायणपुर के पुलिस लाईन लाया गया, जहां बस्तर आईजी सुंदरराज पी. और जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार तथा कलेक्टर बिपिन मांझी ने जवान को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद जवान के पार्थिव शरीर को उनके गृहग्राम कांकेर जिले के भरीमपानी–नरहरपुर में अंतिम संस्कार के लिए रवाना किया गया। मिली जानकारी के अनुसार बीती तीन दिसंबर को नारायणपुर से डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त टीम अबूझमाड़ क्षेत्र के सोनपुर और कोहकामेटा के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान कल सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें डीआरजी के प्रधान आरक्षक की मौत हो गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर घटना पर दुख जताया है। उन्होंने प्रधान आरक्षक बिरेंद्र कुमार सोरी की शहादत को नमन किया है।

**मुख्यमंत्री–केंद्रीय गृहमंत्री मुलाकात**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री को बस्तर ओलंपिक के समापन और पुलिस अवार्ड कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया, जिसे गृह मंत्री ने स्वीकार कर लिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक बस्तर ओलंपिक में एक लाख पैंसठ हजार से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया है। इस ओलंपिक में हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी और वॉलीबॉल समेत ग्यारह पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह को राज्य में माओवाद विरोधी अभियानों की स्थिति और बस्तर संभाग में चलाए जा रहे विकास कार्यों के संबंध में भी अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार और सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों के कारण बस्तर संभाग में माओवादी घटनाओं में कमी आई है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि वर्ष दो हजार छब्बीस तक छत्तीसगढ़ को पूरी तरह माओवाद से मुक्त कर लिया जाएगा। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

**हाईकोर्ट–पुलिस आरक्षक भर्ती**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया पर लगी रोक हटा दी है। हाईकोर्ट में कल सुनवाई के दौरान न्यायाधीश राकेश मोहन पांडेय की बेंच ने इस मामले को आर्टिकल–चौदह और सोलह का उल्लंघन माना है।

**राज्य निर्वाचन आयुक्त–बैठक**

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने राज्य में आरक्षण की कार्यवाही समय–सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि परिसीमन और आरक्षण की प्रक्रियाएं चुनाव के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है। राज्य निर्वाचन आयुक्त की अध्यक्षता में आज नवा रायपुर में नगर पालिका और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए सामान्य प्रशासन विभाग, नगरीय प्रशासन और पंचायत विभाग के वरिष्ठ अधिकारिओं की बैठक हुई। बैठक में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों को सुचारू और पारदर्शी ढंग से कराने के लिए तैयारियों का मूल्यांकन किया गया।

इससे पहले, कल कांकेर में राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में बस्तर संभाग के नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान राज्य निर्वाचन आयुक्त ने सभी अधिकारियों को बस्तर संभाग में पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में अनिवार्य रूप से जोड़ने को कहा। बैठक में चुनाव के सुचारू संचालन के लिए चुनाव की तैयारी, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान केन्द्रों की स्थिति और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण तैयारियों की समीक्षा की।

**राजभवन–स्थापना दिवस**

**"एक भारत श्रेष्ठ भारत"** कार्यक्रम के तहत आज राजभवन में छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सांस्कृतिक आदान–प्रदान तक सीमित नहीं है। यह कार्यक्रम हमारे देश के विभिन्न राज्यों में बसे निवासियों को एक सूत्र में पिरोने का अद्भुत प्रयास है, जिससे भारत की एकता और अखंडता और अधिक मजबूत होगी। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने सभी राज्यों की संस्कृति और लोक परंपरा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

**राज्यपाल–धमतरी**

राज्यपाल रमेन डेका ने कल धमतरी जिले के प्रवास के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। राज्यपाल ने जिले में जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी ली।

**अग्निवीर भर्ती रैली**

रायगढ़ में चल रहे अग्निवीर भर्ती रैली के दूसरे दिन आज प्रदेश के सात जिलों – सक्ती, कोरबा, मुंगेली, रायगढ़, बीजापुर, गरियाबंद और सरगुजा के एक हजार तिरसठ युवाओं ने हिस्सा लिया। इनमें से तीन सौ इंक्यावन युवाओं ने दौड़ परीक्षा में सफलता हासिल की। अब शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल जांच की प्रक्रिया होगी। युवाओं में अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

**तेंदुआ–भालू हमला–मौत**

धमतरी जिले के सिंगपुर–मड़ेली गांव में तेंदुए ने घर में सो रही बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मृतिका के परिवार को छह लाख रूपये की आर्थिक मदद देने की बात कही। इससे पहले, परसों नगरी ब्लॉक में हाथी के हमले में तीन साल की एक बच्ची की मौत हो गई थी। वहीं, सरगुजा जिले में उदयपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम खम्हरिया में भालू के हमले में एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल बुजुर्ग का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है।

**मौसम**

मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ जिलों में आठ और नौ दिसंबर को वर्षा होने की संभावना जताई है। साथ ही सरगुजा संभाग और मध्य छत्तीसगढ़ के न्यूनतम तापमान में गिरावट आ सकती है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को जानकारी दी कि –

**मृदा दिवस–कार्यक्रम**

विश्व मृदा दिवस पर आज रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर "मिट्टी की देखभाल – मापन, निगरानी तथा प्रबंधन" विषय पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन भी हुआ, जिसमें मृदा वैज्ञानिकों ने किसानों को मिट्टी की समुचित देखभाल तथा मृदा ऊर्वरता प्रबंधन पर जानकारी दी। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल ने किसानों को जवाहर नवोदय विद्यालय, माना और केन्द्रीय विद्यालय, रायपुर के छात्रों द्वारा तैयार उनके खेतों के मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी प्रदान किया।

**<u>ट्रेन परिचालन</u>**

रायपुर रेलमंडल के अंतर्गत हथबंद और तिल्दा–नेवरा सेक्शन में ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक के कारण नौ गाड़ियों का परिचालन छह से लेकर नौ दिसंबर के बीच रद्द रहेगा। इनमें बिलासपुर–रायपुर मेमू, बिलासपुर–रायपुर पैसेंजर, रायपुर–जूनागढ़ रोड पैसेंजर, रायपुर–कोरबा पैसेंजर और बिलासपुर–गेवरा रोड मेमू शामिल है।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– भारतरत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की कल पुण्यतिथि है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें नमन किया है।

– राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ कमांड मुख्यालय के विशेष महानिदेशक रामप्रसाद मीना ने सौजन्य भेंट की।

– छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने शराब घोटाले के आरोपी पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

– राज्य शासन ने रायपुर जिले के महादेवघाट एनीकट परिक्षेत्र के सुरक्षा, विकास और सौन्दर्यीकरण के लिए अट्ठारह करोड़ पंद्रह लाख रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है।

– बालोद में जिला युवा कांग्रेस ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। वहीं, मांगे पूरी नहीं होने पर तेरह दिसंबर को कलेक्टोरेट घेराव की चेतावनी दी।

– दुर्ग जिले के ननकटठी और बोडेगांव पुल के पास मोटरसाइकिल की टक्कर से बुजुर्ग की मौत हो गई है।

– जांजगीर–चांपा रेलवे स्टेशन में रेलवे सुरक्षा बल ने करीब अट्ठाईस किलो बरामद किया है।

– जांजगीर–चांपा जिले में किसानों से तीन लाख रूपये से ज्यादा की ठगी के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

– जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र नारायणपुर द्वारा कल छह दिसंबर को सुबह ग्यारह बजे से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>